web: www.nyaysakshi.com
पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल
पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 24 नवंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 56

महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत, अमित शाह ने फडणवीस को दी बधाई

मुंबई | आरएनएस

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को फोन किया और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में पार्टी के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी. निर्वाचन आयोग के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भाजपा के नेतृत्व वाला 'महायुति' गठबंधन महाराष्ट्र में सत्ता बरकरार रखने की ओर अग्रसर है और 288 विधानसभा सीट में से 222 पर आगे है. भाजपा अब तक तीन सीट जीत चुकी है और अन्य 124 सीट पर बढ़त बनाए हुए है.

फडणवीस के करीबी सूत्रों ने पुष्टि की कि शाह ने उन्हें फोन किया और पार्टी के मजबूत प्रदर्शन के लिए बधाई दी. इस बीच, देवेंद्र फडणवीस की मां सरिता फडणवीस ने 'महायुति' के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की. उन्होंने कहा, ''मैंने कभी किसी अफवाह पर विश्वास नहीं किया और जानती थी कि वह (देवेंद्र) अच्छा करेंगे. पार्टी की सफलता का श्रेय 'मुख्यमंत्री माझी लाडी बहिन' योजना और देवेंद्र के प्रयासों तथा लोकप्रियता को दिया जा सकता है...वह बहुत बुद्धिमान, होशियार एवं साहसी हैं और इसी वजह से उन्हें यह सफलता मिली है.''

सीएम चेहरे पर कोई विवाद नहीं: देवेंद्र फडणवीस

महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रदेश की जनता ने हमें अभूतपूर्व जीत दी है. उन्होंने आगे कहा कि देश और प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं. उनके दिए नारे 'एक हैं तो सुरक्षित हैं' के अनुरूप सभी वर्गों और समुदायों के लोगों ने एकजुट होकर हमें वोट दिया. यह महायुति, सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम अजित पवार और रामदास अठावले की जीत है, यह एकता की जीत है. विपक्ष की ओर से धर्म के आधार पर मतदाताओं के ध्रुवीकरण के प्रयासों को जनता ने नाकाम कर दिया. प्रदेश की जनता को हमारी सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ बड़े पैमाने पर मिला है. जिसका परिणाम यह है कि जनता ने हमें बड़े बहुमत के साथ सेवा करने का एक और अवसर दिया है.

महाराष्ट्र के अगले सीएम के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के चेहरे पर कोई विवाद नहीं होगा. यह पहले दिन से तय था कि चुनाव के बाद तीनों पार्टियों के नेता एक साथ बैठेंगे और इस पर फैसला करें. फैसला सभी को मान्य होगा, इस पर कोई विवाद नहीं है. जो होगा उचित निर्णय होगा.

देवेंद्र फडणवीस ने आगे कहा कि मैंने पहले कहा था कि मैं आधुनिक अभिमन्यु हूं और चक्रव्यूह तोडऩा जानता हूं. मुझे लगता है कि इस जीत में मेरा योगदान छोटा है, यह हमारी टीम की जीत है. लोगों ने एकनाथ शिंदे को असली शिवसेना के रूप में स्वीकार कर लिया है. वहीं जनता ने अपने जनादेश से अजित पवार की एनसीपी को असली माना है. हम इस जीत के लिए प्रदेश की जनता का आभार जताते हैं.

संजय राउत के बयान पर प्रतिक्रिया करते हुए उन्होंने तंज कसा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड में जीत हासिल की है. वहां चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष हुआ. वहां चुनाव आयोग ने अच्छा काम किया. वहां ईवीएम इतनी मजबूत थी कि उसे हैक नहीं किया जा सका और महाराष्ट्र में हमें बहुत बड़ी जीत मिली है. यहां ईवीएम पक्षपाती हो गई. यहां लोकतंत्र की हत्या कर दी गई है. कभी-कभी आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत होती है.

उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) भारी बहुमत की ओर अग्रसर है. वहीं झारखंड में

पंजाब उपचुनाव : आप ने लहराया परचम, चार में से तीन सीटों पर दर्ज की जीत

नई दिल्ली। पंजाब की चार विधानसभा सीटों डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल, गिद्दड़बाहा और बरनाला पर हुए उपचुनाव के नतीजे सामने आ गए हैं। पंजाब उपचुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) ने बाजी मारी है। आम आदमी पार्टी ने राज्य की चार में से तीन सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि एक सीट पर कांग्रेस ने कब्जा जमाया है। डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल, गिद्दड़बाहा विधानसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है, जबकि बरनाला सीट कांग्रेस के खाते में गई है। डेरा बाबा नानक विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार गुरदीप सिंह रंधावा ने कांग्रेस की जतिंदर कौर रंधावा को हराया है। गुरदीप सिंह रंधावा को कुल 59,104 और कांग्रेस की रंधावा को कुल 53,405 वोट मिले हैं। चब्बेवाल सीट पर आप के उम्मीदवार डॉ. इशांक कुमार ने 28,690 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है। इशांक कुमार ने कांग्रेस के रंजीत कुमार को मात दी है। इशांक कुमार को कुल 51,904 वोट मिली हैं, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार को कुल 23,214 वोट मिले। गिद्दड़बाहा विधानसभा सीट पर आप के उम्मीदवार हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों ने कांग्रेस उम्मीदवार अमृता वड़िंग को 21,969 वोटों के अंतर से हराया है। ढिल्लों को कुल 71,644 और अमृता वड़िंग को 49,675 वोट मिले। वहीं बरनाला सीट पर कांग्रेस के कुलदीप सिंह ढिल्लों काला ढिल्लों ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार हरिंदर सिंह धालीवाल को 2,157 वोटों के अंतर से हराया है। कांग्रेस उम्मीदवार को कुल 28,254 और आप उम्मीदवार को कुल 26,097 वोट मिले हैं। पंजाब में आप उम्मीदवारों की जीत के बाद दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया।

4 लाख से भी अधिक मार्जिन से प्रियंका गांधी ने जीता चुनावी रण, भाई से भी आगे निकली बहन

वायनाड | आरएनएस

केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस की प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने भाई राहुल गांधी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने इस सीट से बहुत ही बड़े अंतर से जीत हासिल की। प्रियंका गांधी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 4,10,931 वोटों के अंतर से हराया। उन्होंने सीपीआई उम्मीदवार सत्यन मोकेरी को हराया। प्रियंका गांधी का यह पहला चुनाव था, जहां उन्हें इस उपचुनाव में 622338 वोट मिले। जबकि सत्यन मोकरी को 211407 वोट मिले। वहीं, तीसरे स्थान पर भाजपा की नव्या हरिदास रहीं। जिन्हें 1 लाख 9 हजार 939 वोट मिले। मालूम हो कि ये सीट कांग्रेस नेता और प्रियंका के भाई राहुल गांधी के इस्तीफे की वजह से खाली हुई थी। तब राहुल ने अमेठी से सांसद बने रहने का फैसला किया था।

पिछले लोकसभा चुनाव 2024 में राहुल गांधी को वायनाड में 6,47, 445 वोट मिले थे। उन्होंने सीपीआई की बड़ी नेता एनी राजा को 3,64,422 वोटों के अंतर से हराया था। उस वक्त एनी राजा को 2,83,023 वोट मिले थे। वहीं भाजपा के के सुरेंद्रण को मात्र 1,41,045 वोट आ पाए थे। 2024 में राहुल गांधी को 59.69% वोट मिले थे। लेकिन, इस उपचुनाव में प्रियंका गांधी वाड्रा को करीब 65% वोट मिले। इस वजह से प्रियंका अपने भाई राहुल गांधी को भी इस मामले में पछाड़ दिया। यानी कि 2024 में राहुल गांधी को जितने मार्जिन से जीत मिली थी, उससे कहीं ज्यादा मार्जिन से प्रियंका गांधी को इस उपचुनाव में जीत मिली है।

इस उपचुनाव में सबकी निगाहें इस बात पर टिकीं थी कि क्या प्रियंका गांधी अपने भाई राहुल गांधी जैसी बड़ी जीत दोहरा पाएंगी। बता दें कि साल 2019 में वायनाड सीट से राहुल गांधी को 7,06,367 वोट मिले थे। उन्होंने सीपीआई के पीपी सुनीर को 431770 वोटों से हराया था। पीपी सुनीर को उस चुनाव में 2,74,597 वोट मिले थे।

यूपी उपचुनाव परिणाम : एनडीए की सात सीटों पर जीत, सपा दो पर विजयी

लखनऊ | आरएनएस

उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनावों के परिणाम शनिवार को आ गए। छह सीटों पर भाजपा ने बाजी मारी है। जबकि, एक सीट भाजपा की सहयोगी रालोद ने जीती है। वहीं, समाजवादी पार्टी (सपा) भी अपनी दो सीट बचाने में कामयाब हो गई है। उसे करहल और सीसामऊ सीट पर जीत मिली है। इस उपचुनाव ने मुस्लिम बाहुल्य सीट कुंदरकी पर भाजपा ने 31 साल बाद कमल खिलाया है। वहीं, कटेहरी में 33 वर्ष बाद चुनावी जीत का कमल खिल गया है।

चुनाव आयोग की वेबसाइट से मिली जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट पर 25 राउंड की गिनती पूरी हो गई है। यहां से भाजपा और रालोद उम्मीदवार मिथलेश पाल को जीत मिली है। उन्होंने 84,304 मत प्राप्त किए। सपा उम्मीदवार सुंबुल राणा 53,508 मत मिले हैं। इस सीट पर आजाद समाज पार्टी के जाहिद हुसैन को 22,661 मत मिले हैं। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के मोहम्मद अरशद को 22,661 वोट मिले हैं। बसपा यहां पर पांचवें पायदान पर रही, उसे महज 3,248 मत प्राप्त हो सके। एनडीए को 45.43 फीसद वोट मिले हैं। सपा को 28.84 प्रतिशत और बसपा को 1.75 फीसदी वोट मिले हैं।

मुरादाबाद की कुंदरकी सीट पर भाजपा के रामवीर सिंह को 1,70,371 वोट मिले। उन्होंने सपा के उम्मीदवार मोहम्मद रिजवान को 1,44,791 मतों से शिकस्त दी है। सपा के रिजवान को इस सीट पर 25,580 वोट मिले। तीसरे नंबर पर आजाद समाज पार्टी रही, जिसे 14,201 मत मिले। वहीं, एआईएमआईएम को 8,111 वोट मिले। यहां बसपा पांचवें स्थान पर रही। उसे महज 1,099 वोट ही मिल सके।

गाजियाबाद सीट पर भाजपा के संजीव शर्मा को 96,946 वोट मिले हैं। सपा के सिंह राज जाटव को 27,595 मत मिले हैं। इस सीट पर भाजपा ने 69,351 मतों से जीत दर्ज की है। बसपा के पीएन गर्ग को 10,736 वोट मिले। भाजपा को यहां पर 62.99, सपा को 17.93 और बसपा को महज 6.98 फीसदी मत प्राप्त हो सके। अलीगढ़ की खैर सीट पर भाजपा के उम्मीदवार सुरेन्द्र सिंह दिलेर चुनाव जीते हैं। उन्हें 1,00,181 मत मिले हैं। सपा उम्मीदवार चारु केन को 61,788 वोट मिले हैं। वह भाजपा प्रत्याशी से 38,393 वोटों से पराजित हुई हैं। बसपा के पहल सिंह को 13,365 वोट ही मिल सके हैं।

मैनपुरी की करहल सीट से सपा के उम्मीदवार तेज प्रताप यादव को 1,04,304 वोट मिले। उन्होंने भाजपा के अनुजेश यादव को 14,725 वोटों से हराया है। अनुजेश यादव को इस सीट पर 89,579 मत प्राप्त हुए। बसपा को 8,409 वोट मिले। कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट में पूरे 20 चरण की मतगणना खत्म हो गई है। यहां से सपा की उम्मीदवार नसीम सोलंकी को कुल 69,714 मत मिले। वहीं, भाजपा के सुरेश अवस्थी को 61,150 वोट मिले। नसीम सोलंकी ने भाजपा के सुरेश अवस्थी को 8,564 वोटों से परास्त कर दिया। बसपा के वीरेंद्र कुमार को यहां से महज 1,410 वोट मिल सके।

प्रयागराज की फूलपुर सीट पर भाजपा के दीपक पटेल को 78,289 वोट मिले। उन्होंने सपा के मुज्तबा सिद्दकी को 11,305 वोटों से हराया है। सपा के उम्मीदवार को 66,984 मत मिले। जबकि, बसपा के जितेंद्र कुमार सिंह को 20,342 वोट मिले। कटेहरी विधानसभा में भाजपा के उम्मीदवार धर्मराज निषाद को 1,04,091 वोट मिले। उन्होंने सपा की शोभावती वर्मा को 34,514 वोट से हराया।

मिर्जापुर की मझवां सीट पर भाजपा की शुचिस्मिता मौर्य को 77,737 वोट मिले। सपा की ज्योति बिंद को 72,815 मत मिले। भाजपा उम्मीदवार ने सपा को यहां 4,922 मतों से परास्त किया है। इस सीट पर बसपा के दीपक तिवारी को 34,927 वोट मिले।

उत्तर भारत में शुरू हुई कंपकंपा देने वाली ठंड, कश्मीर में शून्य से नीचे गिरा तापमान

नईदिल्ली | आरएनएस

उत्तर भारत के कई राज्यों में तापमान में तेजी से गिरावट के चलते कंपकंपा देने वाली ठंड पडऩा शुरू हो गई है।कश्मीर की घाटी में तापमान शून्य से नीचे माइनस में दर्ज किया जा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस साल पिछले साल की तुलना में भीषण ठंड पड़ेगी।दूसरी तरफ दक्षिण भारत के केरल में बारिश का दौर जारी है। प्रदेश के कई जिलों में आज हल्की बारिश की संभावना जताई है।

पहाड़ों में बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों के मौसम पर भी असर देखने को मिल रहा है। गुरुवार को श्रीनगर में इस सीजन की सबसे ठंडी रात गुजरी, जबकि कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में तापमान शून्य से नीचे चला गया है।श्रीनगर में तापमान माइनस 1.2 डिग्री दर्ज किया गया। जम्मू-कश्मीर ने अगले 2 दिन में ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश या बर्फबारी की संभावना है।हिमाचल प्रदेश में आज ऊंची चोटियों पर एक-दो स्थानों पर हिमपात की संभावना है।

दिल्ली में आज सुबह स्मॉग के साथ मध्यम कोहरा रहा। अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम 12 डिग्री रह सकता है।24 और 25 नवंबर को अधिकतम तापमान 26-27 डिग्री और न्यूनतम 13 डिग्री के आस-पास रहने की संभावना है।राजस्थान के कई जिलों में न्यूनतम तापमान 9-15 डिग्री के बीच पहुंच गया है, जबकि उत्तर प्रदेश में आज कोहरे से राहत रहेगी। बिहार में आने वाले सप्ताह से कड़ाके की ठंड शुरू होने की संभावना जताई जा रही है।

पीएम मोदी को अमेरिका में मिलेगा विश्व शांति पुरस्कार

वाशिंगटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व शांति पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। यह पुरस्कार उन्हें अमेरिका में प्रदान किया जाएगा। इंडियन अमेरिकन माइनॉरटीज एसोसिएशन (एआइएएम) ने मैरीलैंड के स्लिगो सेवंथ डे एडवेंटिस्ट चर्च ने यह ऐलान किया है। यह एक गैर सरकारी संगठन है। यह कदम उठाने का मकसद अमेरिका में भारतीय अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के कल्याण को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें एकजुट करना है। पीएम मोदी को यह पुरस्कार विश्व शांति के लिए उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों और समाज को एकजुट करने के लिए दिया जाएगा।

इसी कार्यक्रम के दौरान अल्पसंख्यकों का उत्थान करने के लिए वाशिंगटन में पीएम मोदी को मार्टिन लूथर किंग जूनियर ग्लोबल पीस अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस पुरस्कार को वाशिंगटन एडवेंटिस्ट यूनिवर्सिटी और एआइएएम द्वारा संयुक्त रूप से दिया जाएगा। जिसका मकसद अस्पसंख्यकों के कल्याण के साथ उनका समावेशी विकास करना भी है। जानेमाने परोपकारी जसदीप सिंह एआइएम के संस्थापक और चेयरमैन नियुक्त किए गए हैं। इसमें अल्पसंख्यक समुदाय को प्रोत्साहित करने के लिए 7 सदस्यीय बोर्ड डायरेक्टर भी हैं। इसमें बलजिंदर सिंह, डॉ. सुखपाल धनोआ (सिख), पवन बेजवाडा और एलिशा पुलिवार्ती (ईसाई), दीपक ठक्कर (हिंदू), जुनेद काजी (मुस्लिम) और भारतीय जुलाहे निस्सिम रिव्बेन शाल है।

यह संगठन पीएम मोदी के नेतृत्व में 2047 तक भारत को विकसित बनाने के संकल्पों से प्रभावित है। जसदीप सिंह ने कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई में भारत सभी तरह के समावेशी विकास कर रहा है। इसमें सभी धर्मो के लोगों को समान रूप से अवसर मिल रहे हैं। वहीं इंडियन माइनॉरटीज फेडरेशन के संयोजक और संसद सदस्य सतनाम सिंह संधू ने पीएम मोदी की पारदर्शिता की सराहना की है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना ने समुदायों में एकता बढ़ाने का काम किया है।

पाकिस्तान में सांप्रदायिक हिंसा : 18 की मौत, 30 घायल

पेशावर

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत के कुर्रम जिले में स्थिति बेहद तनावपूर्ण बनी हुई है। सांप्रदायिक हिंसा में कई लोगों की मौत हो गई है। सरकार और पुलिस शांति बहाल करने की कोशिशों में लगी हुई है।

डॉन डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक ताजा झड़पों में 18 और लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए।

रिपोर्ट के मुताबिक यह हिंसा गुरुवार को हुए घातक हमले के बाद हुई है, जब कुर्रम के घनी आबादी वाले बागान शहर में लगभग 200 वाहनों के काफिले पर भारी गोलीबारी की गई। बताया जा रहा है कि काफिले में अधिकतर शिया यात्री थे। हमले में कम से कम 43 लोग मारे गए थे और 16 अन्य घायल हो गए थे।

यह काफिला पेशावर और पाराचिनार शहर के बीच यात्रियों को ले जा रहा था, जो कि अफगानिस्तान सीमा के निकट कुर्रम जिले में है, जहां सांप्रदायिक हिंसा और भूमि विवादों का इतिहास रहा है।

डॉन डॉट कॉम के अनुसार कुर्रम के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) जावेदउल्ला महसूद ने कहा कि इलाके में शांति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इस बीच प्रतिबंधित शिया संगठन जैनबियून ब्रिगेड ने गुरुवार को अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा 43 शिया मुसलमानों की हत्या का बदला लेने की कसम खाई है। पीड़ित शिया बहुल क्षेत्र पाराचिनार से पेशावर जा रहे थे।

शुक्रवार से देशभर में हिंसा की कई घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने यात्री वाहनों, एम्बुलेंसों और पुलिस की गाडिय़ों को निशाना बनाया है।

हत्याकांड के विरोध में गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने ट्रकों में आग लगा दी, पुलिस वाहनों पर पथराव किया और सेना के काफिले के मार्गों को ब्लॉक कर दिया। वे कानून-व्यवस्था की बहाली और शांति बनाए रखने में सरकार की विफलता से नाराज हैं।

स्थानीय लोगों को डर है कि इन हत्याओं से ईरान समर्थित शिया उग्रवादी समूह जैनीबियून नाराज हो गया है, जो अब उन गांवों में आग लगा सकता है, जहां से बंदूकधारियों ने पीड़ितों के काफिले पर हमला किया था।

शिया बहुल पाराचिनार क्षेत्र ने अतीत में सुन्नी बहुल आसपास के क्षेत्रों के साथ खूनी संघर्ष देखा है। यहां बाजार और शैक्षणिक संस्थान पूरी तरह बंद हैं तथा स्थानीय लोग हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

अब तक कम से कम दो सुरक्षा चौकियों को आग के हवाले कर दिया गया है, जबकि सडक़ों को पत्थरों और जलते हुए टायरों से ब्लॉक कर दिया गया है।

निर्यात में वृद्धि से भारत की सी-फूड और वाइन इंडस्ट्री में जबरदस्त तेजी: केंद्र

नई दिल्ली | आरएनएस

सरकार ने शनिवार को कहा कि भारत के प्रीमियम सी-फूड और वाइन इंडस्ट्री में जबरदस्त वृद्धि हुई है। इसमें अकेले सी-फूड निर्यात का मूल्य 7.3 बिलियन डॉलर और मात्रा 17.81 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है।

ब्रसेल्स में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में, वाइन और सी-फूड में भारत की प्रगति को बिजनेस लीडर्स, ट्रेड बॉडीज, मरीन फूड आयातकों सरकारी व्यापार एजेंसियों और राजनयिक समुदाय के सदस्यों के आगे प्रदर्शित किया गया।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, यह एग्रीकल्चरल एंड प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी (एपीईडीए) और मरीन प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमपीईडीए) के सहयोग से आयोजित किया गया था।

बेल्जियम, लक्जमबर्ग और यूरोपीय संघ (ईयू) में भारत के राजदूत सौरभ कुमार ने सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने में इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला।

वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल ने भारत के गतिशील व्यापारिक परिदृश्य और यूरोपीय संघ के साथ इसकी बढ़ती साझेदारी, विशेष रूप से सी-फूड और वाइन सेक्टर के बारे में बात की।

कार्यक्रम में, उपस्थित लोगों ने पांच प्रीमियम भारतीय सी-फूड वैरायटी का आनंद लिया। इसमें वन्नामेई झींगा, ब्लैक टाइगर झींगा, किंगफिश (सुरमई), तिलापिया मछली और स्क्विड शामिल था।

इन व्यंजनों को भारतीय अंगूर के बागों से वाइन के साथ विशेष रूप से जोड़ा गया था, जिनकी बोल्ड रेड, क्रिस्प व्हाइट और रिफ्रेशिंग रोज भारत की वाइन क्राफ्टमैनशिप की वैश्विक मान्यता को प्रदर्शित करती हैं।

भारतीय वाइन इंडस्ट्री में काफी वृद्धि हुई है। इसमें 24 से अधिक प्रमुख ब्रांड वैश्विक विशेषज्ञता को स्वदेशी परंपराओं के साथ जोड़ते हैं।

कैबरनेट सॉविनन, शिराज, मर्लोट और सांगियोवेस जैसे रेड के साथ-साथ चेनिन ब्लैंक, सॉविनन ब्लैंक और विओग्नियर जैसी व्हाइट वाइन को हाइलाइट किया गया।

2023-2024 में भारत का कुल निर्यात 433.09 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। इसमें कृषि वस्तुओं का योगदान 33.24 बिलियन डॉलर (कुल निर्यात का 8 प्रतिशत) और समुद्री निर्यात का योगदान 132 देशों में 7.36 बिलियन डॉलर (कृषि निर्यात का 22 प्रतिशत) रहा।

वन्नामेई झींगा का निर्यात चौगुना हो गया है, जिसने इसे उच्च गुणवत्ता वाले सी-फूड प्रोडक्ट के रूप में मजबूती से स्थापित किया है।

500 यूरोपीय संघ-अप्रूव्ड फर्मों के साथ, भारत की सी-फूड प्रोसेसिंग क्षमता का विस्तार जारी है। इससे यूरोपीय संघ भारत का दूसरा सबसे बड़ा सी-फूड मार्केट बन गया है, जिसकी वार्षिक खरीद 0.95 बिलियन डॉलर है।

इसके अतिरिक्त, मंत्रालय के अनुसार, भारत यूरोपीय संघ का दूसरा सबसे बड़ा झींगा सप्लायर है, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 8 प्रतिशत है और यह यूरोपीय संघ के स्क्विड आयात में 12 प्रतिशत का योगदान देता है।